झारखण्ड सरकार

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

आदेश संख्या– 06/05/ABDM/441/24 रॉंची, दिनांक– 04/03/2025

आदेश

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत कार्यरत सभी चिकित्सकों, पेरामेडिकल स्टॉफ, संविदा पर कार्यरत कर्मियों एवं अन्य कर्मियों के द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थिति, उनके कार्यस्थल पर ही किया जाना है। उक्त परिपेक्षय में वर्तमान में संबंधित चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों, एवं कर्मियों की दैनिक उपस्थिति हेतु Attendance Cross Verification Management System Portal (उपस्थिति पोर्टल) कार्यरत है। उपस्थिति पोर्टल में मेडिकल कॉलेज/जिला अन्तर्गत कार्यरत सभी चिकित्सकों/कर्मियों का बायोमैट्रिक डाटाबेस जिला स्तर से ही अद्यतन किया जाना है।

विभागीय आदेश संख्या– 09 (17) दिनांक– 19.07.2024, पत्रांक संख्या– 28 (17) दिनांक– 28.10.2024 के द्वारा सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों के डाटाबेस को अद्यातन करने संबंधी दिशानिदेश दिए गए थे परन्तु अबतक मात्र 6800 चिकित्सकों/कर्मियों का डाटाबेस ही अद्यतन हो पाया है।

अतः निदेशित किया जाता है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अन्तर्गत जिला स्तर में कार्यरत प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर/जिला डाटा प्रबंधक (प्रभारी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर) AEBAS के नोडल पदाधिकारी के साथ मिलकर जिलान्तर्गत कार्यरत मेडिकल कॉलेज एवं अपने जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथ0स्वा0केन्द्र के सभी चिकित्सकों/पैरामेडिकल कर्मियों, संविदा पर कार्यरत कर्मियों एवं अन्य कर्मियों का बायोमैट्रिक डाटाबेस जिला स्तर से ही अद्यतन कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्य की सुगमता हेतु राज्य स्तर के Department of IT के द्वारा एक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

यह कार्य एक माह के अन्दर पूर्ण करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के नोडल पदाधिकारी एवं प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर/जिला डाटा प्रबंधक (प्रभारी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर) की होगी। सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के प्राचार्य/अधीक्षक एवं सभी जिलों के सिविल सर्जन इस कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे तथा इसका कियान्वयन कराना सुनिश्चित करेंगे।

(अजय कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

स्वास्थ्य निदेशालय भवन, चौथातल्ला, टाटारोड, नामकुम, रॉंची– 834010 (झारखण्ड), ईमेल– smd.sdhmjh@gmail.com
Directorate of Health Building, 4th Floor, Tata Road, Namkum, Ranchi – 834010 (Jharkhand). Email - smd.sdhmjh@gmail.com

ज्ञापांक : 06/05/ABDM/441/24   राँची, दिनांक– 04/08/2025

प्रतिलिपि–

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, रिम्स को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. राज्य अभियान निदेशक, आयुष्मान भारत डिटिल मिशन को सूचनार्थ प्रेषित।
4. सभी सिविल सर्जन अपने स्तर से कार्य की दैनिक प्रगति का अनुश्रवण करेंगे।
5. चिकित्सा अधीक्षक मेडिकल कॉलेज, रिम्स, राँची/एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर/शहीद निर्मल मेहतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद/हजारीबाग मेडिकल कॉलेज /फूलो जानो मेडिकल कॉलेज, दुमका/मेदिनिराय मेडिकल कॉलेज, पलामु/झारखण्ड।

राज्य अभियान निदेशक, ABDM